सं. ए-13011/2010/हिंदी-यूआईडीएआई (खंड 2)
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई)

जीवन भारती भवन, टॉवर-I, द्वितीय तल,
कनॉट सर्कस, नई दिल्ली-110001
दिनांकः 13 सितम्बर, 2017

विषयः भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) मुख्यालय में प्रतिनियुक्ति पर सहायक निदेशक(राजभाषा) और कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक के पदों हेतु रिक्ति परिपत्र।

संदर्भः यूआईडीएआई का समसंख्यक रिक्ति-पत्र दिनांक 26.07.2017 (वेबसाइट लिंक- **(https://uidai.gov.in/images/career/VC_for_AD_OL_Jr_Hindi_Translator_Bilingual26072017.pdf)** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण मुख्यालय, नई दिल्ली में वेतन मैट्रिक्स स्तर 10 (पूर्व संशोधित वेतन बैंड-III (15600-39100 रुपये) व ग्रेड वेतन रुपये 5400/-) में सहायक निदेशक(राजभाषा) और वेतन मैट्रिक्स स्तर 6 (पूर्व संशोधित वेतन बैंड-II (9300-34800 रुपये) तथा ग्रेड वेतन रुपये 4200/-) में कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक के प्रत्येक के एक-एक रिक्त पद को प्रनियिुक्ति के आधार पर भरने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रण।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण मुख्यालय, नई दिल्ली में सहायक निदेशक(राजभाषा) और कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक के पदों हेतु, उचित माध्यम से आवेदन पत्र भेजने की तिथि को 25.10.2017 तक और आगे बढ़ाया जाता है। जिन्होंने 26.07.2017 के प्रत्युत्तर में अपना आवेदन उचित माध्यम से भेज दिया है, उन्हें पुनः आवेदन भेजने की आवश्यकता नहीं है। तथापि, नए आवेदक और ऐसे आवेदक जिन्होंने आवेदन की केवल अग्रिम प्रति ही भेजी है, अपना आवेदन विस्तारित तिथि तक पुनः उचित माध्यम से भेज दें। **चूंकि यह रिक्ति प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरी जानी है, अतः गैर-सरकारी अभ्यर्थी पात्र नहीं हैं।**

सु. द. शर्मा
13.09.2017

सहायक महानिदेशक (स्थापना)